# प्राथमिक शिक्षक (प्रा.) परीक्षा

## तिथि : 31.01.1999

---

## सामान्य अध्ययन

1. दिन–रात होते हैं–

(1) पृथ्वी के घूमने के कारण
(2) पृथ्वी के परिक्रमण के कारण
(3) पृथ्वी के घूमने वे परिक्रमण के कारण
(4) न तो पृथ्वी के घूमने के कारण न ही परिक्रमण के कारण

2. निम्नलिखित में सबसे बड़ा ग्रह कौन–सा है?

(1) बृहस्पति (2) शुक्र
(3) बुध (4) प्लूटो

3. पहला अंतरिक्ष यात्री कौन था?

(1) यूरी गागरिन
(2) नील आर्मस्ट्रॉग
(3) एडिवन एलड्रिन
(4) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से कौन मिश्रण नहीं है?

(1) चीनी (2) साधारण नमक
(3) हीरा (4) प्लास्टर ऑफ पेरिस

5. पानी में फिटकरी (Alum) मिलायी जाती है–

(1) सेडीमेण्टेशन दर बढ़ाने के लिए

(2) रंग हटाने के लिए
(3) बैक्टीरिया मारने के लिए
(4) मीठा स्वाद लाने के लिए

6. तापमान के समान रूप से बढ़ने पर निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु सबसे अधिक फैलती है?

(1) द्रव (2) ठोस
(3) गैस
(4) सभी समान रूप से

7. बादलों की गरज सुनाई देने के पहले बिजली की चमक दिखाई पड़ती है क्योंकि–

(1) प्रकाश की गति ध्वनि की गति से अधिक होती है
(2) ध्वनि की गति प्रकाश की गति से अधिक होती है
(3) प्रकाश शून्य को भेद सकता है
(4) बिजली की चमक, बादलों की गरज की अपेक्षा करीब होती है

8. श्रृंगार मेज में किस प्रकार शीशा इस्तेमाल होता है?

(1) अवतल (2) उत्तल
(3) समतल (4) समतल–अवतल

9. साधारणतया उपयोग होने वाले बिजली के बल्ब में कौन–सी गैस भरी जाती है?

(1) नाइट्रोजन (2) निऑन
(3) ऑक्सीजन (4) ओजोन

10. रेडियोएक्टिविटी की खोज की–

(1) रदरफोर्ड ने (2) हेनरी बैकुरल ने
(3) बोर ने (4) मैडम क्यूरी ने

11. किसी उपकरण की लघुतम इकाई हो सकती है–

(1) एक सेकण्ड
(2) एक मिलीमीटर
(3) एक क्यूबिक सेंटीमीटर
(4) उपर्युक्त में कोई नहीं

12. स्प्रिंग बैलेंस (तुला) पर एक बाल्टी पानी लम्बित है। यदि लोहे का एक टुकड़ा, जो रस्सी से लंबित है, बिना बाल्टी का किनारा अथवा तेल स्पर्श किए पानी में डूब जाता है, तो स्प्रिंग बैलेन्स (तुला) पर रीडिंग का प्रभाव कैसे पड़ता है?

(1) बैलेन्स (तुला) अधिक वनज दर्शाएगा
(2) बैलेन्स (तुला) कम वनज दर्शाएगा
(3) रिडिंग में कोई परिवर्तन नहीं होगा
(4) रिडिंग उस गहराई पर निर्भर होगा, जिस पर लोहे का टुकड़ा डूब जाता है

13. निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु में लोच का सर्वोच्च गुणांक होता है?

(1) इस्पात (2) रबर
(3) चमड़ा
(4) नाइलॉन धागा (रेशा)

14. जल से भरे बीकर में एक बर्फ का टुकड़ा तैर रहा है। जब पूरा बर्फ गल जाएगा तब–

(1) जल–स्तर घटर जाएगा
(2) जल–स्तर बढ़ जाएगा
(3) जल–स्तर समान रहेगा
(4) जल स्तर बढ़ेगा, फिर घट जाएगा

15. गैस समीकरण PV = RT में 'V' का अर्थ किसके आयतन से है?

(1) 1 ग्राम गैस (2) 1 लीटर गैस
(3) 1 मोल गैस (4) 1 किग्रा गैस

16. एक संतुलित रसायन समीकरण अनुरूप होता है–

(1) डाल्टन के परमाणु सिद्धांत के

(2) पिण्ड संरक्षण के नियमों के
(3) गति संरक्षण के नियमों के
(4) स्थिर बनावट के नियमों के

17. निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसने यह अवधारणा व्यक्त की कि "चार्ज की इकाईयाँ मैटर से जुड़ी होती है"?

(1) फैराडे (2) स्टोनी
(3) एवोगाड्रो (4) डाल्टन

18. निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु बिजली को ठोस रूप से जोड़ सकती है?

(1) ग्रेफाइट (2) बर्फ
(3) सोडियम क्लोराइड
(4) आयोडीन

19. निम्नलिखित में से कौन हमेशा पूर्ण संख्या में रहता है?

(1) परमाण्विक द्रव्यमान
(2) परमाण्विक व्यास
(3) परमाण्विक संख्या
(4) परमाण्विक आयतन

20. स्मान तापक्रम एवं दबाव की स्थितियों में सभी गैसों की समान आयतन में अणुओं की संख्या समान होती है। यह कथन कहा गया–

(1) गे–लूसाक द्वारा
(2) एवोगाड्रो द्वारा
(3) बर्जेलियस द्वारा
(4) जॉन डाल्टन द्वारा

21. कार्बन मोनोऑक्साइड हीमोग्लोबिन से मिलकर एक ऐसा मिश्रण बनाता है, जो रक्त को ऑक्सीजन ग्रहण करने से रोक देता है। इस मिश्रण का नाम है–

(1) ऑक्सीहीमोग्लोबिन
(2) कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन
(3) नाइट्रोहीमोग्लोबिन
(4) फॉसजीन

22. बाह्य कर्ण (External ears) लक्षण होते हैं–

(1) उभयचर के
(2) मछलियाँ के
(3) सरीसृप के
(4) स्तनपाइयों के

23. पाश्चुराइजेशन का अर्थ है–

(1) 120°C पर 15 मिनट तक प्रेशर कुकर द्वारा निर्जीवीकरण
(2) 62°C पर 30 मिनट तक जल अथवा दूध को गर्म करना
(3) चेचक के खिलाफ शरीर का टीकाकरण
(4) इनमें से कोई नहीं

24. फूलगोभी का अंश जो खाया जाता है, उसे कहते हैं–

(1) फुल
(2) पुष्परचना
(3) फल
(4) पत्ती

25. कपास के रेशे मिलते हैं–

(1) बीज से
(2) छाल से
(3) पत्तियों से
(4) जड़ से

26. प्रकाश संश्लेषेण के दौरान विस्तृत ऑक्सीजन आता है–

(1) कार्बन–डाइऑक्साइड से
(2) जल से
(3) आंशिक कार्बन डाइऑक्साइड से तथा आंशिक जल से
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. अल्कोहल फर्मेण्टेशन का अंतिम उतपाद है–

(1) पायरूविक एसिड
(2) एसीटेल्हिाइड
(3) फॉर्मिक एसिड
(4) इथाइल अल्कोहल अथवा लैक्टिक एसिड

28. इंजाइम अनुपस्थिति होते हैं–

(1) एल्गी में
(2) फंगी में
(3) बैक्टीरिया में
(4) वायरस में

29. तिलचट्टे के मुँह का भाग उपयुक्त होता है–

(1) छेद करने के लिए
(2) काटने के लिए
(3) पोछने के लिए
(4) सोखने के लिए

30. भारत में टिड्डी दल अंडे देती (प्रजनन करती) है–

(1) पंजाब में
(2) उड़ीसा में
(3) राजस्थान में
(4) उत्तर प्रदेश में

31. विकास सिद्धांत की क्रमवार व्याख्या करने का श्रेय जाता है–

(1) अरस्तू को
(2) अल्बर्ट आईंस्टीन को
(3) न्यूटन को
(4) चार्ल्स डार्विन को

32. पशु की पहली जाति, जो पाली गई प्रतीत होती है, वह थी–

(1) कुत्ता (2) बकरी
(3) घोड़ा (4) गाय

33. सर्वप्रथम पहिए का उपयोग किया गया माना जाता है–

(1) धातुकर्म की प्रगति के लिए

(2) गाड़ी खींचने के लिए
(3) पोटरी में
(4) बुनाई में

34. जैन धर्म के लोग मानते हैं कि महावीर थे अंतिम–

(1) शिक्षक
(2) पैगम्बर
(3) सन्यासी
(4) तीर्थंकर

35. दुनिया के तीन प्रमुख धर्मों–यहूदी, ईसाई तथा इस्लाम का पवित्र स्थान शहर बन गया है, वह है–

(1) बेथलेहम
(2) मक्का
(3) कौंस्टेंटिनोपोल
(4) यरूसलम

36. 1914 में शुरू हुआ युद्ध प्रथम विश्व युद्ध कहलाया, क्योंकि–

(1) दुनिया के हर देश ने इसमें भाग लिया
(2) यह दुनिया के हर भाग में लड़ा गया
(3) यह अपनी प्रकृति तथा फैलाव की सीमा तक अद्वितीय था
(4) कई नए हथियारों का उपयोग किया गया

37. जिन प्रमुख देशों को वर्षों तक "जाति संघ" का सदस्य बनने नहीं दिया, वे थे–

(1) भारत एवं चीन
(2) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा
(3) टर्की एवं जर्मनी
(4) जर्मनी एवं रूस

38. भारत ने अपना द्वितीय परमाणु परीक्षण किया–

(1) 1947 में
(2) 1950 में
(3) 1967 में
(4) 1998 में

39. एशिया में द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् अपने को स्वाधीन घोषित करने वाला पहला देश था–

(1) भारत (2) बर्मा
(3) इंडोनेशिया (4) श्रीलंका

40. 13 अप्रैल, 1919 को जलयाँवाला बाग में एक आम सभा आयोजित की गई थी–

(1) हड़ताल के आयोजन के लिए
(2) लोकप्रिय नेताओं की गिरफतारी का विरोध करने के लिए
(3) रॉलेट कानून (अधिनियम) का प्रतिवाद करने के लिए
(4) स्वराज की मांग के लिए

41. 'सीमान्त गाँधी' के नाम से कौन जाने जाते थे?

(1) खुदाई खिदमतगार
(2) रेड शर्ट्स
(3) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
(4) लियाकत अली खाँ

42. आई.एन.ए. का गठन हुआ था–

(1) जापान में (2) बर्मा में
(3) मलाया में (4) सिंगापुर में

43. भारतीय संविधान के अनुसार भारत एक–

(1) संघीय राज्य है
(2) एकल राज्य है
(3) राज्य संघ है
(4) अर्द्ध–संघीय राज्य है

44. मंत्रिमंडल का गठन कौन करता है?

(1) मंत्रिपरिषद्
(2) सिर्फ केंद्रीय मंत्रीगण
(3) कंद्रीय मंत्रीगण एवं राज्य मंत्रीगण
(4) सभी मंत्री

45. भारत के राष्ट्रपति को ऑफिस से हटाया जा सकता है–

(1) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा
(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(3) संसद द्वारा
(4) लोक सभा द्वारा

46. कोई भी व्यक्ति लोक सभा का चुनाव लड़ सकता है, यदि उसकी आयु हो–

(1) 30 वर्ष
(2) 21 वर्ष
(3) 35 वर्ष
(4) 25 वर्ष

47. राज्य सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है?

(1) राज्यपाल की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(2) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(3) राज्यपाल द्वारा
(4) प्रधानमंत्री द्वारा

48. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा नहीं की जाती है?

(1) राजदूत
(2) प्रधानमंत्री
(3) महान्यायवादी
(4) भारत के उपराष्ट्रपति

49. भारत के रक्षा–सैन्य बलों के सर्वोच्च सेनापति होते हैं–

(1) राष्ट्रपति
(2) रक्षामंत्री
(3) प्रधानमंत्री
(4) थल सेनाध्यक्ष

50. भारतीय संविधान के अनुसार राज्य का अधिशासी प्रधान कौन होता है?

(1) राज्यपाल
(2) मुख्यमंत्री
(3) राष्ट्रपति
(4) प्रधानमंत्री

51. 'पंचायती राज' की शुरूआत हुई–

(1) 1952 में
(2) 1947 में
(3) 1979 में
(4) 1959 में

52. ग्राम पंचायत प्रधान 'सरपंच' का चुनाव किया जाता है–

(1) ग्राम सभा द्वारा
(2) ग्राम के नागरिकों के ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा
(3) ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा उनके बीच से
(4) चुने नहीं बल्कि जिलाधीश के नामांकन द्वारा

53. प्रजातंत्र का अर्थ है–

(1) जनता का शासन
(2) कोई व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं है
(3) प्रत्येक व्यक्ति को सरकार में बोलने का अधिकार है
(4) प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत अधिकारों से लाभ उठाने का अधिकार है

54. जनमत की निम्नलिखित एजेंसियों में से कौन–सी एजेंसी उपनगरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के हित में बेहतर सेवा करती है?

(1) रेडियों
(2) सिनेमा
(3) टेलीविजन
(4) समाचार पत्र

55. राष्ट्रसंघ अस्तित्व में आया है–

(1) 24 अक्टूबर, 1945 को
(2) 24 अक्टूबर, 1943 को
(3) 26 नवम्बर, 1945 को
(4) 26 नवम्बर, 1943 को

56. निम्नलिखित देशों में कौन–सा देश भारत का नजदीकी पड़ोसी नहीं है?

(1) बर्मा
(2) पाकिस्तान
(3) चीन
(4) अफगानिस्तान

57. निम्नलिखित में कौन बादल, कुहासा व कोहरा बनाने में मदद नहीं करता है?

(1) धूल के कण
(2) कार्बन के कण
(3) पराग के कण
(4) उच्च तापमान

58. उल्का वातावरण में है–

(1) पत्थर अथवा धातु के चट्टानों के टुकड़े के रूप में
(2) पानी की चमकदार बूँदों के रूप में
(3) कॉमेट (टूटते तारों) के रूप में
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. एक नदी ढालूदार, चिकनी और चौड़ी घाटी बनाती है–

(1) अपने ऊपरी जलमार्ग के दौरान
(2) अपने मध्यम (बीच) जलमार्ग के दौरान
(3) अपने निचले जलमार्ग के दौरान
(4) अपने मुहाने पर

60. निम्नलिखित में से किसके जल में लवणता (नमकीन) सबसे अधिक रिकॉर्ड की गई है?

(1) कैस्पियन सागर
(2) लाल सागर
(3) मृत सागर
(4) भूमध्य सागर

61. ज्ब जमीन से नीचे का पानी अपने आप पृथ्वी के ऊपर आता है, तब यह कहलाता है–

(1) एक कुआँ
(2) एक नलकूप
(3) एक झरना
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. जल का बल्क वाष्पीकरण होता है–

(1) महासागरों में
(2) नदियों से
(3) झीलों से
(4) बर्फ की परतों से

63. निम्नलिखित में से नमकीन जल को शुद्ध जल में बदलने में कौन–सी प्रक्रिया मदद करती है?

(1) वाष्पीकरण (2) घनीकरण
(3) वर्षण (4) उपरोक्त में से सभी

64. 21 दिसम्बर को विषुवत् रेखा पर दिन कितना बड़ा होता है?

(1) 8 घंटो का (2) 10 घंटो का
(3) 12 घंटो का (4) 24 घंटो का

65. उष्णकटिबन्धीय पतझड़ वन के वृक्ष अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं–

(1) नमी की कमी के कारण
(2) कम तापमान 6°C से नीचे के कारण
(3) उपर्युक्त दोनों के कारण
(4) उपर्युक्त में से किसी के कारण नहीं

66. निम्नलिखित में से कौन–सा देश जरूरत से ज्यादा खाद्यान्न पैदा करता है तथा उसे जरूरतमंद देशों को निर्यात करता है?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका
(2) सिंगापुर
(3) लीबिया
(4) श्रीलंका

67. एस्किमो का मुख्य व्यवसाय है–

(1) खेती करना
(2) लकड़ी काटना
(3) हस्तकला की वस्तुएँ बनाना
(4) शिकार करना या मछली मारना

68. निम्नलिखित में से किस खनिज पदार्थ का परिवहन काफी दूरी तक कच्ची अवस्था में किया जाता है?

(1) ताँबा
(2) बॉक्साइड
(3) कच्चा लोहा

(4) पेट्रोलियम (खनिज तेल)

69. कुटीर–उद्योग

(1) छोटी–छोटी वस्तुएँ बनाते हैं
(2) का बाजार–क्षेत्र छोटा होता है
(3) छोटी मशीनों का प्रयोग करते हैं
(4) कम पूँजी, कम श्रमिक और कम मात्रा में कच्चा माल लेकर काम करते हैं

70. मिट्टी की पहचान होती है उसकी–

(1) बनावट व रंग के द्वारा
(2) विकास की आयु के द्वारा
(3) विकास की प्रकृति के द्वारा
(4) वर्तमान प्रयोग के द्वारा

71. निम्नलिखित में से कौन–सा संभव है?

(1) $\tan\theta = 1, \cos\theta = \sqrt{2}$
(2) $\tan\theta = 1/\sqrt{3}, \cos\theta = \sqrt{3}/2$
(3) $\tan\theta = 5, \cos\theta = 2$
(4) $\tan\theta = 100, \cos\theta = 6/5$

72. एक तार 28 सेमी. त्रिज्या का एक वृत्त बनाता है। एक वर्ग की (भुजा) किनारा, जिसमें वह मोड़ दिया जा सकता है, वह है–

(1) $\frac{\pi}{2}$ सेमी. (2) 44 $\pi$ सेमी.

(3) 14 $\pi$ सेमी. (4) 56 $\pi$ सेमी.

73. यदि $x^2 + kx + 12$ का गुणक $x + 3$ हो तो k किसके बराबर है?

(1) 8 (2) 7

(3) 6 (4) 5

74. यदि $x + \frac{1}{2} = 2$ हो, तो $x - \frac{1}{x}$ बराबर है?

(1) 3 के (2) 2 के

(3) 1 के (4) 0 के

75. 10 फीट त्रिज्या के गोल क्षेत्र में रखे कीचड़ को वर्ग क्षेत्र में फैलाता है। वर्ग की भुजा होगी–

(1) 10 फीट (2) $10\sqrt{\pi}$ फीट

(3) 10 $\pi$ फीट (4) $100\sqrt{\pi}$ फीट

76. यदि एक त्रिभुज के कोणें का अनुपात 2 : 5 : 8 है, तो सबसे बड़े कोण का मान क्या होगा?

(1) 36° (2) 96°

(3) 45° (4) 60°

77. एक वर्ग के क्षेत्र तथा इसके विकर्ण पर खीचें गए वर्ग के क्षेत्र के बीच का अनुपात होगा–

(1) 1 : 1 (2) 1 : 2

(3) 2 : 1 (4) 1 : 3

78. एक आदमी एक गड्ढा 8 दिन में खोद सकता है। दो दिन बाद उसका मित्र भी उसके साथ शामिल हो गया। दोनों की क्षमता बराबर मानते हुए वह काम पूरा होगा–

(1) 8 दिनों में (2) 4 दिनों में

(3) 6 दिनों में (4) 5 दिनों में

79. भारत ने अपना पहला उपग्रह अर्स्टह्राइल यू.एस.एस.आर. से छोड़ा। उस उपग्रह का नाम था–

(1) इनसेट

(2) एप्पल

(3) आर्यभट्ट

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. लोहे में जंग लगने के लिए आवश्यक स्थिति है–

(1) जल एवं ऑक्सीजन

(2) जल, नाइट्रोजन तथा ऑक्सीजन

(3) अम्ल, जल तथा ऑक्सीजन

(4) सिर्फ जल

81. गया एक धार्मिक स्थान है। यह स्थित है–

(1) मध्य प्रदेश में

(2) उत्तर प्रदेश में

(3) बिहार में

(4) पश्चिम बंगाल में

82. लाह (Lac) उत्पादन है–

(1) उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन का

(2) उष्णकटिबन्धीय पतझड़ वन का

(3) उष्णकटिबन्धीय कंटीले वन का

(4) उष्णकटिबन्धीय पर्वतीय वनस्पति का

83. तरबूज सबसे ज्यादा उपजता है–

(1) बलुई मिट्टी में

(2) दोमट मिट्टी में

(3) काली मिट्टी में

(4) पथरीली मिट्टी में

84. आसनसोल प्रसिद्ध है–

(1) कोयले की खानों के लिए

(2) बिहार की राजधानी के लिए

(3) निकटवर्ती नगर के लिए

(4) बलुई क्षेत्र के लिए

85. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है–

(1) चकोर (2) मोर

(3) तोता (4) कबूतर

86. भारत में मुख्य सिंचाई का साधन क्या है जो शुद्ध सिंचित क्षेत्र का लगभग 45% के अतंगर्त आता है?

(1) नहरें

(2) तालाबों

(3) कुएँ एवं नलकूपों

(4) अकेला नलकूपों

87. भारतीय रेल व्यस्था है–

(1) दुनिया में सबसे बड़ी

(2) एशिया में सबसे बड़ी

(3) दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी

(4) एशिया में सबसे छोटी

88. वायु–परिवहन रेलवे की अपेक्षा अधिक किफायती होता है–

(1) विस्तृत चौरस मैदानों में

(2) तटीय क्षेत्रों में

(3) पर्वतीय क्षेत्रों में

(4) उपर्युक्त सभी में

89. दुनिया का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राष्ट्र है–

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका

(2) चीन

(3) भारत

(4) बांग्लादेश

90. भारत से निम्नलिखित में किस बीमारी का उन्मूलन हो गया है?

(1) क्षय रोग (2) हैजा

(3) मलेरिया (4) चेचक

91. जल–संरक्षण का सर्वोत्तम उपाय है–

(1) वाष्पीकरण को रोकना

(2) अत्यधिक सिंचाई को रोकना

(3) इसका पुनर्चक्र

(4) फसल के तरीके को बदलना

92. समुद्री जल का अपक्षारीकरण बड़े पैमाने पर नहीं किया जाता है, इसका कारण है–

(1) टेक्नोलॉजी का अभाव

(2) अधिक लागत

(3) समुद्र में प्रदूषण

(4) समुद्री परिवहन पर इसका प्रभाव

93. निम्नलिखित में से कौन पेट्रोलियम का एक उपोत्पादक नहीं है?

(1) नेप्था (2) पैराफीन वैक्स

(3) एनीलीन (4) अमोनिया

94. निम्नलिखित में से कौन–सा संसाधन किसी देश के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण संसाधन है?

(1) भूमि संसाधन (2) वन संसाधन

(3) खनिज संसाधन (4) मानव संसाधन

95. वातावरण (पर्यावरण) पर मानव का सबसे ज्यादा असर कहाँ पड़ता है?

(1) वन क्षेत्र में

(2) ग्रामों में

(3) नगरों में

(4) नगरों के आस–पास औद्योगिक क्षेत्र में

96. झीलों के अम्लीकरण होने का कारण है–

(1) वातावरण में कार्बन–डाइऑक्साइड स्तर का बढ़ना

(2) वातावरण में ओजोन–छिद्र का विकास

(3) मोटर गाड़ियों से निकला धुआँ, कोयला एवं तेल का जलना

(4) औद्योगिक क्षेत्रों का काला धुआँ

97. जल–प्रदूषण से बचने के लिए सिर्फ जल निकासी (Sewage) की जानी चाहिए–

(1) किसी एक नदी में

(2) समुद्र में

(3) शोधन के पश्चात्

(4) खुले मैदान में

98. अधिक मात्रा में शक्ति, भोजन तथा खनिज का उपयोग करने वाला क्षेत्र कहलाता है–

(1) अविकसित

(2) विकसित

(3) विकासशील

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. अमरनाथ गुफा स्थित है–

(1) भारत में (2) पाकिस्तान में

(3) चीन में (4) नेपाल में

100. नागा पर्वत चोटी स्थित है–

(1) काराकोरम श्रेणी में

(2) लास्कर श्रेणी में

(3) लद्दाख श्रेणी में

(4) हिमालय में